***अमीरात के मंदिर में भी होगा गंगा-जमुना-सरस्वती का ''संगम''***

**-**

**मंदिर देखने पहुंचे लोकसभा अध्यक्ष से मिले राजस्थान के श्रमिक**

**आबूधाबी/नई दिल्ली, 23 फरवरी, 2022**: संयुक्त अरब अमीरात में बन रहे स्वामीनारायण मंदिर में श्रद्धालु गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम का पुण्यलाभ पा सकेंगे। मंदिर के भीतर तीन जलधाराएं बनाई जा रही हैं जिसमें भारत से ले जाकर गंगा, यमुना और सरस्वती का पवित्र जल प्रवाहित किया जाएगा। खास यह है कि इन धाराओं को राजस्थान के कारीगर ही आकार दे रहे हैं। लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला बुधवार को मंदिर पहुंचे तो इन कारीगरों से भी मिले।

लोकसभा अध्यक्ष श्री बिरला इन दिनों भारतीय संसदीय दल के साथ संयुक्त अरब अमीरात की पांच दिवसीय यात्रा पर हैं। स्पीकर बुधवार को जब मंदिर को देखने पहुंचे तो उसकी भव्यता देख अभिभूत हो गए। श्री बिरला को बताया गया कि इस मंदिर के निर्माण का निर्णय 2015 में हुआ जबकि काम 2018 में प्रारंभ हुआ। इसका काम 2024 में पूरा होने की संभावना है।

मंदिर को विशेष बनाने के लिए वहां अलग-अलग धाराएं बनाई जा रही हैं जो कुछ आगे जाकर आपस में समाहित होंगी। इन धाराओं में भारत से लाकर गंगा, यमुना और सरस्वती का जल प्रवाहित करने की योजना है। श्री बिरला ने भी मंदिर के निर्माण कार्य में सेवा की। इस दौरान वहां कार्य कर रहे श्रमिक भी स्पीकर बिरला से मिलने पहुंच गए।

इनमें से कई कारीगर और श्रमिक राजस्थान के भरतपुर तथा अलवर क्षेत्र के भी थे। श्री बिरला ने उनसे कुशलक्षेम, उनके कार्य, उन्हें मिलने वाली सुविधाओं सहित अनेक विषयों पर चर्चा की। इन कारीगरों और श्रमिकों ने बताया कि वे अमीरात में बहुत अच्छे से रहे रहे हैं। उनकी सुविधाओं और सुरक्षा का भी ध्यान रखा जा रहा है।

***लूवर म्यूजियम में बूंदी, जोधपुर और अलवर***

श्री बिरला और भारतीय संसदीय दल ने बुधवार को आबूधाबी स्थित लूवर म्यूजियम भी देखा। यहां भी बूंदी, जोधपुर और अलवर का नाम उकेरा गया देखकर वे चौंक गए। जानकारी लेने पर बताया कि म्यूजियम के निर्माण के लिए विश्व में जिस भी जगह से सामग्री आई है, उसको यहां अंकित किया गया है। बूंदी, जोधपुर और अलवर से पत्थर लाकर इस म्यूजियम में लगाए गए हैं। इस पर श्री बिरला ने बताया कि बूंदी उनके ही संसदीय क्षेत्र का भाग है।

***क्राउन प्रिंस से भी हुई मुलाकात***

श्री बिरला और भारतीय संसदीय दल की आबूधाबी के क्राउन प्रिंस और अमीरात की सेनाओं के सुप्रीम कमांडर शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से भी भेंट हुई। उन्होंने बहुत आत्मीयता से श्री बिरला और भारतीय सांसदों का अभिनंदन किया।श्री बिरला ने उनसे मजबूत होते भारत-अमीरात संबंधों पर चर्चा की तथा दोनों देशों के संबंध मजबूत करने में व्यक्तिगत रुचि लेने के लिए आभार जताया। श्री बिरला ने शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान को दुबई एक्सपो की सफलता पर भी बधाई दी।